**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ**

**(तिथि 21 सितम्बर 2025, समय 18:10 (10 मिनट)**

**मुख्य समाचार:-**

- मोदी सरकार ने सेवा और सुशासन के मंत्र पर चलते हुए डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र को मज़बूत किया।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने प्रादेशिक सड़क उत्थान परियोजना का शुभारंभ किया।
- श्री नायब सिंह ने किसानों से कृषि विविधीकरण को अपनाने और मोटे अनाज की पैदावार को प्राथमिकता देने का आहवान् किया।
- हिसार में आयोजित एयर शो में वायु सेना की टीम ने देखा हैरतअंगेज़ करतबों का प्रदर्शन किया।
- सेवा पखवाड़े के उपलक्ष्य में कुरुक्षेत्र और गुरुग्राम में नमो युवा रन का आयोजन किया गया।

*********************************************************************************************

सेवा और सुशासन, अर्थात जनसेवा के लिए शासन के मंत्र से प्रेरित होकर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला - 'सेवा पर्व' में, हम आपको बताएंगे कि कैसे मोदी सरकार ने डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत किया है और स्वास्थ्य सेवा को और अधिक सुलभ और कनेक्टेड बनाया है।

***भारत का स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य सरकारी पहलों, नीतिगत सुधारों और तकनीकी प्रगति से प्रेरित होकर डिजिटल परिवर्तन के दौर से गुज़र रहा है। तेज़ी से बढ़ती आबादी और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा की बढ़ती माँग के साथ, डिजिटल स्वास्थ्य समाधान पहुँच, सामर्थ्य और दक्षता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सितंबर, 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन का उद्देश्य सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के बीच सक्रिय सहयोग के माध्यम से एक मज़बूत डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करना है। मिशन की शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह अब देश भर के अस्पतालों के डिजिटल स्वास्थ्य समाधानों को एक-दूसरे से जोड़ेगा।***

***2021 से 2026 तक पाँच वर्षों में 1,600 करोड़ रुपये के नियोजित परिव्यय के साथ, इस मिशन का उद्देश्य भारत के विकसित होते स्वास्थ्य सेवा ढाँचे को सहारा देने के लिए आवश्यक डिजिटल आधार तैयार करना है। इसके शुभारंभ के बाद से, 80 करोड़ से अधिक***

***आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते बनाए जा चुके हैं, जिनसे 71 करोड़ से अधिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड जुड़े हुए हैं। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन का एक प्रमुख हिस्सा, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते, भारत के एकीकृत डिजिटल स्वास्थ्य ढाँचे को सहारा देने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। यह सत्यापित स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के साथ बातचीत को सुव्यवस्थित करता है और लैब रिपोर्ट, नुस्खों और अन्य स्वास्थ्य रिकॉर्ड तक निर्बाध पहुंच की सुविधा प्रदान करता है। ई-संजीवनी, आयुष्मान भारत डिजिटल स्वास्थ्य मिशन का एक अभिन्न अंग, एक अत्याधुनिक क्लाउड-आधारित टेलीमेडिसिन प्लेटफ़ॉर्म है। इसने भारत में स्वास्थ्य सेवा की सुलभता के परिदृश्य को फिर से परिभाषित किया है। भौगोलिक सीमाओं से परे डिज़ाइन किया गया यह क्रांतिकारी प्लेटफ़ॉर्म, राष्ट्रीय टेलीमेडिसिन सेवा के रूप में स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और रोगियों के बीच दूरस्थ परामर्श की सुविधा प्रदान करता है।***

****************************************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सेवा पखवाड़े के उपलक्ष्य में आज प्रादेशिक सड़क उत्थान परियोजना का शुभारंभ किया। इस परियोजना के तहत वर्तमान वित्त वर्ष में 4,827 करोड़ रुपये की लागत से 9,410 किलोमीटर लंबाई की 4,227 सड़कों की मरम्मत एवं उत्थान का कार्य किया जाएगा। जिला हिसार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा-

उन्होंने कहा कि यह परियोजना आने वाले वर्षों में विकसित भारत-विकसित हरियाणा के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि सड़कों के निर्माण की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और निर्माण मानकों का सख्ती से पालन किया जाएगा।

****************************************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसानों से कृषि में विविधीकरण को अपनाने तथा मोटे अनाज की पैदावार को प्राथमिकता देने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री आज हिसार में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित रबी कृषि मेला का शुभारंभ करने उपरांत लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने हर घर छाँव-हर घर फल योजना का भी शुभारंभ किया। इस योजना के तहत प्रदेश के 22 जिलों के 110 गांवों में 55,000 फलदार पौधे निःशुल्क वितरित किए जायेंगे ।मुख्यमंत्री ने कहा -

उन्होंने आश्वस्त किया कि सरकार इस दिशा में किसानों को हर संभव सुविधा और प्रोत्साहन उपलब्ध कराती रहेगी।

****************************************************************************************************

**प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं। यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।**

****************************************************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज हिसार के महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा परिसर में सेवा पखवाड़े के दौरान जीओसी डॉट डिवीजन और हिसार जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एयर शो में मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। शो में भारतीय वायु सेना की

प्रतिष्ठित सूर्यकिरण एयरोबेटिक्स टीम ने कई हैरतअंगेज करतबों का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा

सशस्त्र बलों के अधिकारियों, जवानों और नागरिकों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा

*********************************************************************************************

सेवा पखवाड़े के उपलक्ष्य में आज भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की ओर से देश के साथ हरियाणा के कुरुक्षेत्र और गुरुग्राम में भी **नमो युवा रन** आयोजित की गई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र में मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया। कुरुक्षेत्र में सुबह द्रोणाचार्य स्टेडियम से नमो युवा रन को झंडी दिखाने के अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा -

लगभग 5 किलोमीटर लंबी यह दौड़ वीआईपी रोड और जिंदल चौक से होते हुए वापिस द्रोणाचार्य स्टेडियम में सम्पन्न हुई। दौड़ में मुख्यमंत्री के इलावा सांसद नवीन जिंदल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली सहित कई गणमान्य व्यक्तियों, बुजुर्गों व युवाओं ने भाग लिया।

*********************************************************************************************

गुरुग्राम ने आज 'नमो युवा रन' के जरिए नशामुक्त समाज का बुलंद संदेश दिया गया। लेजर वैली पार्किंग से शुरू हुई इस भव्य दौड़ में 10 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साह और उमंग के साथ हिस्सा लिया। मैराथन को केंद्रीय विद्युत, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने हरी झंडी दिखाई। कार्यक्रम में हरियाणा के उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह और खेल मंत्री गौरव गौतम भी शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने **नमो युवा रन** में सहभागी बने हजारों युवाओं से कहा -

उन्होंने युवाओं से नशों से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि यदि युवा नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल और कौशल विकास की ओर ध्यान देंगे तो न केवल उनका भविष्य सुरक्षित होगा बल्कि पूरा समाज सही दिशा में आगे बढ़ेगा।

*********************************************************************************************

हरियाणा के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने तिगांव विधानसभा क्षेत्र में आज करोड़ों रुपये की लागत से बनने वाली सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा -

*********************************************************************************************